मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-226
28/04/2021

पटना के पुनपुन में आग से झुलसकर 4 बच्चों की हुई मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

- मृतक के आश्रितों को 4–4 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान अविंलब देने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

पटना, 28 अप्रैल 2021 :– पटना जिले के पुनपुन थाना के अलाउद्दीन चक गांव में खाना बनाने के दौरान आग लगने से झुलसकर चार बच्चों की हुई मृत्यु पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूं।

मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******